सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#Recovery Of Liquor

प्रेस नोट- दिनांक 15.06.2024

अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले 15000/-रुपये के इनामिया 01 अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सहसों व थाना लवेदी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

गिरफ्तारी/बरामदगी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं इनामियां/वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 14/15.06.2024 की रात्रि को थाना सहसों एवं लवेदी पुलिस टीम थाना लवेदी क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी यमुना पुल टकरूपुरा पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 11/2024 से संबंधित वांछित 15,000/- रुपये के इनामिया **अभियुक्त सत्यम पुत्र हिम्मत सिंह को ग्राम नवादा जाने वाले सडक मार्ग पर मडौली तिराहे से समय करीब 04.20 बजे गिरफ्तार किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा अभियुक्त सत्यम पुत्र हिम्मत सिंह पर मु0अ0सं0 11/2024 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम व धारा 420 भादवि में 15,000/- रुपये का इनाम घोषित है।

नोट:- जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी/परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 03/04.03.2024 की रात्रि को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना लवेदी पुलिस टीम द्वारा **04 अभियुक्त हिम्मत सिंह पुत्र जतन सिंह, विनय पुत्र संजीव सिंह, नन्दकिशोर उर्फ नन्दू पुत्र रघुराज व मोनू तोमर उर्फ राघवेन्द्र उर्फ बजरंगी पुत्र रामसजीवन को 01 ट्रक कंटेनर, 01 कार टाटा टिआगो एवं 01 कार होण्डा सिटी सहित गिरफ्तार किया गया था,** कन्टेनर एवं दोनों कार की तलाशी लेने पर उनमें से **203 पेटी विभिन्न कम्पनी की अंग्रेजी शराब (कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ रूपये) बरामद** की गयी थी **तथा दिनांक 09.03.2024 को 02 अभियुक्त नितिन तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी, पंकज बघेल पुत्र मदन गोपाल को गिरफ्तार किया गया** एवं **दिनांक 29.03.2024 को 02 अभियुक्त सनी पुत्र रामआसरे, हरीकिशन पुत्र रामलाल को गिरफ्तार किया गया** था शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सत्यम पुत्र हिम्मत सिंह निवासी ग्राम कुम्हारेडी थाना नगर जनपद डींग राजस्थान **उम्र 30 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग:-

01. मु0अ0सं0 11/2024 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम व धारा 420 भादवि थाना लवेदी जनपद इटावा। इटावा।

बरामदगी:-

1. **01 मोबाइल(टेक्नों कम्पनी)**
2. **720/-रुपये।**

पुलिस टीम- प्रथम:- निरीक्षक श्री रणबहादुर सिंह थाना प्रभारी सहसों, का0 आदर्श पटेल, चालक का0 अजय तोमर।

द्वितीय:- उ0नि0 श्री सनत कुमार थानाध्यक्ष लवेदी, उ0नि0 संजय कुमार, का0 धर्मपाल।